एक नजर में

## शहर में दो केंद्रों पर 1350 छात्रों ने दी क्लैट



**इंदौर.** देशभर के प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट यानी क्लैट 2026 की परीक्षा रविवार को इंदौर में संपन्न हुई. परीक्षा के लिए शहर में दो प्रमुख केंद्र बनाए गए थे. परीक्षा ऑफलाइन मोड में हुई और इसमें शहर के हजारों कानून की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों ने अपनी किस्मत आजमाई. इंदौर में परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी और आईआईएल कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। इन दोनों केंद्रों पर कुल मिलाकर लगभग 1350 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी. क्लैट यूजी का पेपर कुल 120 अंकों का था, जिसमें 120 प्रश्न पूछे गए थे. परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान था, परीक्षा के बाद विधिज्ञ कोचिंग के फाउंडर बाहुल शास्त्री ने पेपर का विश्लेषण करते हुए बताया कि क्लैट 2026 का पेपर पिछले वर्षों की तुलना में काफी संतुलित था. जिन छात्रों ने समय प्रबंधन का ध्यान रखा और संयम बनाए रखा, वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाए होंगे. एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह पेपर उन छात्रों के लिए ज्यादा अच्छा रहा, जिन्होंने बेसिक कॉन्सेप्ट्स के साथ-साथ हालिया न्यायिक घटनाक्रमों की अच्छी समझ रखी थी. टॉपरैंकर्स (लीगल एज) के सेंटर डायरेक्टर अमनदीप सिंह ने बताया प्रश्नपत्र का स्तर इस वर्ष मध्यम रहा, लेकिन लॉजिकल रीजनिंग सेक्शन ने सभी को चौंकाया. इसमें क्रिटिकल रीजनिंग की बजाय अधिकतर प्रश्न एनालिटिकल रीजनिंग पर आधारित थे. पूरा पेपर एनालिटिकल पज़ल्स पर काफी भारी रहा. ऐसे में कट-ऑफ अपेक्षाकृत ऊँचे स्तर पर रहने की संभावना है.

## पेंशनरों का प्रांतव्यापी धरना 29 को भोपाल में

**इंदौर.** साढ़े चार लाख पेंशनरों की वर्षों पुरानी मुख्य मांगों के प्रति सदा से उदासीनता रवैया अपनाने वाली प्रदेश सरकार को चेताने हेतु वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन द्वारा 29 दिसम्बर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा. वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी भगवतीप्रसाद पंडित ने बताया कि 25 वर्ष पुरानी मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) की आड़ में प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारें पेंशनरों को महंगाई राहत देने में विलंब करती हैं और केंद्र सरकार के अनुरूप समयानुसार डीआर नहीं दिया जाता है. साथ ही एरियर से भी वंचित किया जाता रहा है. इस धारा को विलोपित करने की मांग पर दोनों सरकारों ने कोई कार्यवाही नहीं की है. एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष डी बी नायर, रमेशचन्द्र रावल, प्रांतीय समन्वयक आर के शुक्ला, महामंत्री केएस ठाकुर, प्रांतीय प्रवक्ता आई के शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के पेंशनरों को 58 प्रतिशत डीआर मिल रहा है जबकि प्रदेश सरकार केवल 55 प्रतिशत ही दे रही है। कोर्ट के निर्णय के बाद भी एरियर नहीं दिया गया है. एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष रामनरेश तिवारी, राजेश जोशी, देवीसिंह बारूपाल, महिला प्रकोष्ठ की शांति वसुनिया ने बताया कि 80 वर्ष आयु में प्रवेशित पेंशनरों को 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि भी नहीं की जा रही है. प्रांताध्यक्ष राजकुमार दुबे एवं वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष भगवतीप्रसाद पंडित ने बताया कि राज्य के पेंशनरों की उपेक्षा के विरुद्ध एवं इन सब मांगों के ध्यानाकर्षण हेतु वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की जिला इकाइयों द्वारा 29 दिसम्बर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टरों एवं कमिश्नरों को शासन को ज्ञापन सौंपे जाएंगे.

## सुंदर कांड और भजन संध्या में भक्त हुए भावविभोर



**इंदौर.** लाल लँगोटो हाथ में सोटो... कीर्तन की है रात बाबा... आपकी कृपा से सब काम हो रहा... तुम हमारे है प्रभुजी... राधिका गौरी से... बबम बम बम लहरी जैसे भजनों से गूंज उठा श्रीराम भक्त दरबार. मौका था मासूम बालक अभिराम के जन्मदिन पर खातीवाला टैंक मे सुंदर कांड एवं भजन संध्या का आयोजन. भजन गायक पीयूष तिवारी ने संगीतमय सुंदर कांड की चोपाइया दम दारी के साथ सुनाई. साथ ही सुमधुर और कर्णप्रिय भजनों की गंगा बहाई. वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश साहू ने कहा कि भजन-कीर्तन से हम परमात्मा के करीब होते है और मन की शुद्धि होती है. प्रवीण जोशी ने बताया कि सुंदर कांड में भजनों को सुन भक्त भाव विभोर हो गए. कार्यक्रम के पूर्व श्री राम दरबार को विशेष रूप से सजाया गया. सभी ने व्यास पीठ का पूजन कर आरती की। समापन महाप्रसादी से हुआ. इस मौके पर कुसुम साहू, डॉ. पूजा गोयल, टी एस साहू, डॉ. कृष्णा जलोनिया, रोशनी, डॉ. कृतिका, श्रीमती बबली सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे.

## मेमोरियल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**महू.** इंदौर जिला फुटबॉल संघ (एडहॉक कमेटी) के तत्वावधान में रविवार को प्रख्यात फुटबॉलर हाजी काना कप्तान एवं भीम दादा मेमोरियल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड महू में हुआ. कमेटी के चेयरमैन जेसी खोड़े एवं कन्वीनर अशोक पिल्ले ने बताया कि पहले दिन स्पर्धा में दो मैच खेले गए. इसमें डे बॉर्डिंग सेंटर फुटबॉल क्लब ने साईंधाम फुटबॉल क्लब महू को 5-0 से हराया. वहीं, बालाजी स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब महू ने यंग इंदौर रोड फुटबॉल क्लब महू को पराजित किया. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि महेश यादव, रिटायर्ड कस्टमर अधिकारी आनंदीलाल विश्वकर्मा, सरपंच लक्ष्मण सिंगारे, समाजसेवी सीताराम मेवाड़ा एवं नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा पंकज जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया. अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला फुटबॉल संघ चेयरमैन जेसी खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, शरद सिलावट, नीरज शर्मा, ओपी बाथम, अशोक डागर, दीपक भंवर, गोपाल धवन, रवि खोड़े एवं अमित शुक्ला ने किया. मैच कमिश्नर प्रवीण कांबले एवं ऑफिशल की भूमिका में शरद सिलावट, शिवम नंदराज, मनोज मोरने एवं आकाश पिल्ले थे. संचालन अमित शुक्ला ने किया एवं आभार नीरज शर्मा ने माना.

## जोर-शोर से चल रहीं गायत्री महायज्ञ की तैयारियां



**महू.** नगर में प्रति दो वर्ष में होने वाले गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोर-शोर पर हैं. रविवार को आर्य समाज मंदिर में दोपहर 3 बजे गायत्री महायज्ञ समिति की बैठक आयोजित की गई. इसमें आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई. यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय वैदिक वक्ता प्रकाश आर्य ने दी. उन्होंने बताया कि इस बार रामबाग में गायत्री महायज्ञ 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा. जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य योगेन्द्र याज्ञिक, अंतरराष्ट्रीय विद्वान वक्ता डॉ. वागीश शर्मा, विदुषी आचार्य, प्रीति विमर्शनी, आचार्या सुलभा शास्त्री, भजनोपदेशक मोहित शास्त्री आदि पधार रहे हैं. महायज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ होगा. यह शोभायात्रा आर्य समाज मंदिर से आरंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचेगी. बैठक में आर्य समाज के उप प्रधान आर्य राधेश्याम बियाणी, मंत्री श्रीधर गोस्वामी, आर्य रामलाल प्रजापति, ओमप्रकाश आर्य, हरिशंकर विजयवर्गीय, रवि वर्मा, राजेश नेनावा, अश्विनी शर्मा, द्रोणाचार्य दुबे, रितेश आर्य, आशीष आर्य, विश्वनाथ मोहतो, विकास शर्मा, विजय परदेसी, पत्रकार संदीप शर्मा, विजय विजयवर्गीय, सुनीति आर्य, सुनीधि आर्य, डॉ. ऊषा किरण त्रिपाठी, डॉ. संध्या दवे, सरिता नेनावा, प्रीति खंडेलवाल, दिनेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# फेसबुक एड के जरिए इनोवा चुराने वाला गिरफ्तार, कार जब्त

- 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के बाद पकड़ाया आरोपी



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर टेस्ट ड्राइव का बहाना बनाकर इनोवा लेकर फरार हुए युवक को एरोड्रम पुलिस ने पकड़ा है. आरोपी पहले भी ऑनलाइन विज्ञापन देखकर वाहन चोरी की वारदात कर चुका है. आरोपी तक पहुंचने में पुलिस को 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पड़े. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार भी जब्त कर ली है.

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रकाश मंडलिक ने अपनी इनोवा कार एमपी 09 सीए को बेचने के लिए फेसबुक पर विज्ञापन पोस्ट किया था. 1 दिसंबर को एक युवक कार देखने पहुंचा और टेस्ट ड्राइव के बहाने कार लेकर भाग गया था. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी अमित यादव निवासी विनोबा नगर को हिरासत में लिया. उसके पास से करीब 5 लाख रुपए मूल्य की चुराई गई इनोवा कार भी बरामद कर ली गई.

### पहले भी बाइक लेकर हुआ था फरार

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वर्ष 2024 में भी ओएलएक्स पर एड देखकर इसी तरह एक बाइक लेकर फरार हो चुका है. उस मामले में थाना अन्नपूर्णा में प्रकरण दर्ज है, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

# परिवार की नाराजगी और अवसाद के बीच आरक्षक प्रिया ने दी थी जान

- तीन दिनों बाद जूनी इंदौर मुक्तिधाम के इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में हुआ अंतिम संस्कार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर जान देने वाली महिला आरक्षक प्रिया भारती का तीन दिन बाद जूनी इंदौर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ. परिजनों के मना करने के बाद पुलिस की समझाइश पर मां और भाई पहुंचे थे. पुलिस ने परिजनों के बयान भी दर्ज कर मामले में जांच शुरू की.**

शुभम पैलेस कॉलोनी में रहने वाली महिला आरक्षक प्रिया भारती ने चार दिन पहले अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. पोस्टमार्टम और प्रक्रियाओं के बाद उनका अंतिम संस्कार किया. प्रिया डीआरपी लाइन में पदस्थ थीं और मूल रूप से बिहार के मुंगेर जिले के ग्राम अफजल खुदिया की रहने वाली थीं. कुछ साल पहले उनके पति अमित कुमार यादव की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद अनुकंपा नियुक्ति पर उन्हें पुलिस विभाग में नौकरी मिली थी.

जांच अधिकारी एएसआई मनोज कुमार चौहान ने बतायाकि प्रिया ने घर से भागकर परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी. इसी कारण लंबे समय से उनके रिश्तेदार उनसे दूरी बनाए हुए थे. जब पुलिस ने प्रिया की मृत्यु की सूचना परिवार को दी तो उन्होंने शुरू में शव लेने से इनकार कर दिया. शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखा गया था. पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रिया की मां, छोटे भाई आकाश कुमार और रिश्तेदार मनीष यादव इंदौर पहुंचे. पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में जूनी इंदौर मुक्तिधाम में इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किया. क्रियाकर्म प्रिया के भाई आकाश ने किया.

इसके बाद परिवार अस्थियां लेकर रवाना गया. प्रिया की मां ने बताया कि अस्थियां बिहार ले जाने के बजाय इंदौर की शिप्रा नदी में प्रवाहित की जाएंगी. सूत्रों के अनुसार प्रिया लंबे समय से अवसाद से जूझ रही थीं. परिवार और समाज से दूरी की स्थिति ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी थी. अधिकारियों ने बताया कि पिता ने बेटी की मौत की सूचना मिलने के बाद भी उससे अंतिम बार मुलाकात तक नहीं की.



# झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान का शुभारंभ 11 जनवरी से

- रीगल चौराहे पर इंडिया गेट की स्थापना 15 जनवरी को

**इंदौर.** पिछले 23 वर्षों से लगातार गणतंत्र दिवस की बेला में 'झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान' की प्रवर्तक संस्था 'सेवा सुरभि' ने इस वर्ष भी इस अभियान को व्यापक स्तर पर मनाने की कार्ययोजना बनाई है. शहर की पहचान और परंपरा बन चुके इस अभियान में शहर के अनेक प्रमुख संगठन भी भागीदार बनेंगे.

रविवार को सुबह एबी रोड स्थित एक होटल पर आयोजित अभियान की स्वागत समिति की बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा में कहा कि जिला प्रशासन की ओर से इस अभियान में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा और प्रयास यह भी होगा कि जिला प्रशासन शहर के नागरिकों को इस अभियान से पूरे जोश, लगन और उत्साह के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा. सभी प्रमुख संगठन भी अपने-अपने स्तर पर इस अभियान के माध्यम से देश के राष्ट्र ध्वज को ऊँचा बनाए रखने के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे. रीगल चौराहे पर इंडिया गेट की प्रतिकृति की स्थापना 15 जनवरी तक हो जाएगी और अभियान का शुभारंभ 11 जनवरी से होगा। अभियान का समापन शहीद दिवस पर 30 जनवरी को होगा.

सांसद शंकर लालवानी, कलेक्टर शिवम वर्मा, जिलापंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस उपायुक्त इंटेलिजेंस की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्होंने झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और आम लोगों को भागीदार बनाने के लिए अपने स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया. संचालन संजय पटेल ने किया और अंत में आभार माना संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा ने.

# संत सम्मेलन जैसे आयोजन राष्ट्र के लिए हर दृष्टि से प्रासंगिक

- अभा संत सम्मेलन में देशभर से आए संतों ने दिए आशीर्वचन
- अखंड धाम आश्रम पर सांसद, मंत्री और विधायक भी पहुंचे



**इंदौर.** व्यक्ति से ही परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है. जब तक राष्ट्र का चरित्र ऊंचा नहीं उठेगा, तब तक सामाजिक और व्यक्तिगत चरित्र भी नहीं बनेंगे. राष्ट्र चरित्र को ऊंचा उठाना आज की पहली जरूरत है लेकिन उसके पहले व्यक्ति का चरित्र भी ऊँचा बनाना पड़ेगा. अधिकार के साथ कर्तव्य भी जुड़े हुए हैं. हम अधिकार की बात तो लगातार करते रहते हैं लेकिन कर्तव्य के प्रति उदासीन बने हुए हैं. वेदांत संत सम्मेलन जैसे आयोजन समाज और राष्ट्र के लिए हर दृष्टि से प्रासंगिक हैं, क्योंकि आज देश में नैतिक मूल्यों का संकट आ खड़ा हुआ है. धर्म और सनातन संस्कृति के संवर्धन के लिए सबको संगठित होने की जरूरत है. राष्ट्र धर्म सर्वोपरि होना चाहिए।

ये विचार हैं आर्ष विद्या प्रतिष्ठान के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के जो उन्होंने ने रविवार को बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर चल रहे 58वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन की धर्मसभा में व्यक्त किए. संत सम्मेलन में मुंबई से आए महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती के सानिध्य में राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक उषा ठाकुर, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, पार्षद संध्या यादव, पार्षद शिखा संदीप दुबे, समाजसेवी बालकृष्ण छावछरिया, रेडक्रॉस सोसायटी एवं चमेलीदेवी हॉस्पिटल के डॉ. आर के गौड़ सहित अनेक अतिथियों ने संतों और विद्वानों का अभिनन्दन किया. इस अवसर पर अयोध्या से आई एक 10 वर्षीय बालिका आहुति शुक्ला ने भी अपने प्रवचन एवं काव्यमय प्रस्तुतियां देकर संतो और श्रेताओं को भाव विभोर बनाए रखा. मंच का संचालन हरि अग्रवाल एवं स्वामी नारायणानंद ने किया.

### ज्वलंत मुद्दों पर विचार किए व्यक्त

संत सम्मेलन में आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप की अध्यक्षता में हरिद्वार-वृंदावन से आए महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश्वरानंद, रतलाम से आए महामंडलेश्वर स्वामी देवस्वरूप, साध्वी आदित्य चेतना गिरि, नैमिषारन्य से आए स्वामी पुरुषोत्तमानंद, वृंदावन से आए स्वामी केशवाचार्य, डाकोर से आए स्वामी देवकीनंदन दास, चौबारा जागीर के स्वामी नारायणानंद, उज्जैन के स्वामी परमानंद, संत राजानंद एवं अन्य संत विद्वानों ने भी अनेक ज्वलंत और सामयिक विषयों पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए. प्रारंभ में संत आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, दीपक जैन टीनू, भावेश दवे, किशोर गोयल, डीएल गोयल, राजेंद्र सोनी, शरद गुप्ता, विनय जैन, महेंद्र विजयवर्गीय, जवाहरलाल शर्मा आदि ने सभी मेहमानों का स्वागत किया.

### संत समाज ने देश का मार्गदर्शन किया

मंत्री तुलसी सिलावट एवं अन्य अतिथियों ने भी आहुति का सम्मान किया और कहा कि अखंड धाम जैसी पवित्र भूमि पर हो रहा यह संत सम्मेलन हमारे समाज को नयी चेतना और ऊर्जा प्रदान करेगा. संत समाज ने हमेशा ही देश का मार्गदर्शन किया है. देवी अहिल्या की इस नगरी में धर्म और संस्कृति की पावन धारा हमेशा प्रवाहित होती रही है. सांसद लालवानी, विधायक सुश्री उषा ठाकुर एवं अन्य अतिथियों ने भी संतों का स्वागत कर उनके शुभाशीष प्राप्त किए.

# जयघोष के बीच हुई नूतन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

- शीतलनाथ जैन मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ा समाजबंधुओं का सैलाब



**इंदौर.** द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर पर शनिवार को भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ, नाकोड़ा भैरव देव, भौमियाजी एवं मालवा विभूषण आचार्य वीररत्न सूरीश्वर की नूतन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा जैनाचार्य आचार्य विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य विजय जिन सुंदर सूरीश्वर, आचार्य विजय धर्मबोधि सूरीश्वर की पावन निश्रा में द्वारोदघाटन के साथ भगवान के जयघोष के बीच संपन्न हुई. इस दौरान समूचा मन्दिर परिसर बार-बार भगवान महावीर स्वामी एवं जैनाचार्यों के जयघोष से गूंजायमान बना रहा. इस अवसर पर 50 से अधिक साधु-साध्वी-भगवंत सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे जिन्होंने भावविभोर होकर नूतन प्रतिमाओं के प्रथम दर्शन किए।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा, सचिव चेतन भंडारी एवं अजय जैन ने बताया कि द्वारकापुरी मंदिर पर भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ, नाकोड़ा भैरव देव, भौमियाजी एवं मालवा विभूषण आचार्य वीररत्न सूरीश्वर की दिव्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का चार दिवसीय महोत्सव शनिवार को जैनाचार्यों की पावन निश्रा में द्वारोदघाटन के साथ शुभ मुहूर्त में सम्पन्न हुआ. विधिकारक अरविन्द चोरड़िया के मार्गदर्शन में लाभार्थी कोठारी परिवार के साथ अन्य सभी विधियों के लाभार्थी राखेचा परिवार सारंगपुर, तांतेड परिवार कुक्षी-पुणे-इंदौर, सोलंकी परिवार, संचेती, सोनी, मेहता, व्होरा, देवड़ा परिवार, कोठीफोडा परिवार, मेहता परिवार, सिरोलिया परिवार, बाफना परिवार, मोदी परिवार, चोरड़िया, मेहता एवं नाहर परिवार, जैन परिवार, गुंदेचा-मेहता परिवार आदि ने पुण्यलाभ उठाया. इस दौरान मुनिराज को अनेक संकल्प भी दिलाए गए. शनिवार को द्वारकापुरी स्थित मंदिर पर चारों नूतन प्रतिमाओं के दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा. अध्यक्ष संजय नाहर ने सबके प्रति आभार माना.



# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए हनुमत ध्वजा की स्थापना

**इंदौर.** बंगाली चौराहा, मयूर हॉस्पिटल के पास स्थित मैदान पर रविवार को सुबह मालवांचल के जाने-माने संतों महंतों के सानिध्य में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा एवं क्षेत्र के पार्षद प्रणव मंडल के आतिथ्य में 8 से 14 जनवरी तक होने वाले विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के निमित्त हनुमत ध्वजा की स्थापना के साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन की विधि भी संपन्न हुई. इस दौरान यज्ञनारायण के जयघोष से समूचा मैदान गूंजायमान बना रहा.

यज्ञ की आयोजन समिति के प्रमुख देववृत पाटीदार एवं अनिल पाटीदार ने बताया कि हनुमान ध्वजा स्थापना में पंचमुखी धाम आगरोद के महंत कृष्णगोपाल दास महाराज, बालाजी धाम रुणीजा (बडनगर) के महंत भरतदास, देवराहा बाबा पीठ, बद्रीनाथ सनकादिक घाट के संत रामदास, कालेश्वर धाम सुदामा नगर के संत कृष्णतकान्त उपरेती भैयाजी के सानिध्य में बंगाली चौराहा स्थित तैयार यज्ञ स्थल परन विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जैसे ही हनुमत ध्वजा का आरोहण किया गया, समूचा परिसर यज्ञ देवता एवं हनुमान जी के जयघोष से गूँज उठा. यज्ञ स्थल पर महायज्ञ के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है.



# विद्याधाम मंदिर के वेदपाठी बटुकों, रसोइयों और गोसेवकों व मंदिर के पुजारियों को कम्बल भेंट

**इंदौर.** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्री विद्याधाम मार्ग पर वेदपाठ का विद्यार्जन कर रहे बटुकों, संतों एवं मंदिर के सेवकों सहित 251 बन्धुओं को बाबाश्री अग्रशक्ति क्लब एवं मित्र मंडल की ओर से समाजसेवी जगदीश गोयल एवं द्वारकादास गोयल के आतिथ्य में कम्बल भेंट कर दक्षिणा भी प्रदान की गई. इस अवसर पर मुकुल गोयल एवं सौरभ गोयल ने आश्रम पर भोजन बनाने वाले रसोइयों, गौसेवकों एवं अन्य कर्मचारियों का भी सम्मान किया. कार्यक्रम में मुक्ति गोयल अग्रवाल, अरुण गोयल, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, शिवनारायण अग्रवाल, शेखर गोयल सहित अनेक समर्पित सेवाभावी बंधु उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत हेमंत गोयल, विनोद अग्रवाल, मनीष गोयल, सौरभ अग्रवाल, अजय शाह, राजेंद्र गुप्ता, पंकज अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल ने किया. सभी सेवाभावी बंधुओं ने विद्याधाम मंदिर पहुंचकर माँ पराम्बा एवं अन्य धर्मस्थलों की पूजा अर्चना कर शीतकाल के दौरान जरूरतमंद बंधुओं की सेवा करने का संकल्प भी व्यक्त किया.

एक नजर में | दशहरा मैदान पर चल रही श्रीराम शौर्य कथा में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

# राम कथा भारतीय संस्कृति का गौरवशाली दस्तावेज : आचार्य शांतनु



**इंदौर.** देश में आज धर्म, संस्कृति, मर्यादा और चरित्र के नाम पर जो कुछ बचा है वह हमारी मातृशक्ति के त्याग और समर्पण का ही नतीजा है. स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा चिंतन को इस बात का होना चाहिए कि जिस बाबर, गजनी और गजनवी ने हमारे असंख्य मन्दिरों को ध्वस्त किया, हमारी माता-बहनों को बेआबरू किया और सोने की चिड़िया कहे जाने वाले इस देश की अपार धन संपदा एवं वैभव पर डाका डाला, उनके नाम पर कोई स्मारक या मस्जिद का निर्माण कोई कैसे करा सकता है. राम कथा केवल कथा नहीं, भारतीय संस्कृति का गौरवशाली वह दस्तावेज है जिससे देश के जन-जन की आस्था और श्रद्धा जुड़ी हुई है.

ये विचार हैं मानस मर्मज्ञ आचार्य शांतनु महाराज के जो उन्होंने छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं श्री अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दशहरा मैदान स्थित रामायण वाटिका पर चल रहे श्रीराम शौर्य कथा के दिव्य अनुष्ठान में व्यक्त किए. समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, राधेश्याम गुरूजी, श्रवण सिंह चावड़ा, गोपाल अग्रवाल दया, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास, महापौर प्रतिनिधि भरत पारिख, हरिनारायण यादव, रामस्वरूप गहलोत, सिख समाज के रिक्की गांधी, अखिलेश गोयल, राजू समाधान, पिंकेश मोदी, विकास जिंदल, पवन खनवे, हेमंत पटेल, अक्षय सोडानी, सुनील अग्रवाल बडगोंदा, रीतेश पाटनी, रामप्रकाश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने आयोजन समिति के गोपाल गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकडा, संदीप गोयल के साथ आचार्यश्री का स्वागत कर व्यास पीठ का पूजन एवं आरती में भी भागीदारी दर्ज कराई. कथा श्रवण के लिए आज भी समूचा पंडाल श्रोताओं से भरा रहा. कथा के दौरान भजनों और गीतों पर भक्तों के नाचने गाने का सिलसिला आज भी जारी रहा. आचार्य श्री ने सिख गुरु गोविंद सिंह और उनके बेटों की शहादत का भी भावपूर्ण चित्रण किया.

### श्रीराम के चरित्र में किंचित दोष नहीं

अयोध्या काण्ड के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि मंथरा और कैकेयी इस काण्ड के मुख्य पात्र हैं. प्रभु श्रीराम के चरित्र में किंचित भी दोष नजर नहीं आता। वे माता पिता के भी आज्ञाकारी हैं, अपने भाइयों के भी प्रेमी हैं, अपने पतिधर्म को भी निभाते हैं और एक पुत्र होने के नाते कैकेयी द्वारा मांगे गए वरदान का पालन करने के लिए भी तत्पर रहते हैं. संयोजक गोपाल गोयल ने बताया कि कथा स्थल पर भक्तों की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी, प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं निशुल्क वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी अन्नपूर्णा थाने वाले मार्ग पर की गई है।